卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 3 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦बृहस्पतिवार ♦9 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## मासूमों की मौत पर याचिका दाखिल

### कफ सीरप मामला-सीबीआई जांच की मांग,कल होगी सुनवाई

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसे गंभीर मामला बताते हुए शुक्रवार को सुनवाई तय की। याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी ने अदालत से इन घटनाओं की निगरानी में राष्ट्रीय स्तर पर जांच और दवा सुरक्षा तंत्र में सुधार की मांग की है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट सहमत हो गया। अदालत ने दवा सुरक्षा तंत्र में जांच और व्यवस्थागत सुधार की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने का फैसला किया है। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने अधिवक्ता और याचिकाकर्ता विशाल तिवारी की दलीलों पर विचार करते हुए कहा कि यह मामला गंभीर है और तत्काल सुनवाई योग्य है। याचिका में इन घटनाओं की अदालत की निगरानी में जांच और एक सेवानिवृत्त सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में राष्ट्रीय न्यायिक(शेष पृष्ठ सात पर)



## दिल्ली में सीएम धामी से मिले छात्र संघ के पदाधिकारी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छात्रसंघ पदाधिकारियों को छात्र राजनीति में मिली ऐतिहासिक विजय के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।(शेष पृष्ठ सात पर)



## विद्युत कटौती से भड़के कांग्रेसियों ने किया घेराव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर में पिछले कई दिनों हो रही विद्युत कटौती को लेकर आज कांग्रेस पार्टी के अनेकों पदाधिकारीयों व पार्षदों ने विभाग के अधीक्षण अभियंता का घेराव किया। उन्होंने गुस्से का इजहार करते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से रुद्रपुर नगर व आसपास की कॉलोनी में बेहताशा विद्युत कटौती हो रही है। साथ ही त्योहार के सीजन में विद्युत कटौती करना आम जनता को परेशान करना है। कांग्रेस जनों ने(शेष पृष्ठ 7 पर)



## मस्जिद से उतरवाया आई लव मोहम्मद पोस्टर

### हिन्दू संगठनों के विरोध के बाद पुलिस ने हटवाया आई लव मोहम्मद का पोस्टर

नैनीताल(उद संवाददाता)। लालकुआ नगर की एक मस्जिद में आई लव मोहम्मद का पोस्टर लगाने से नाराज विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कोतवाली में जाकर कड़ी नाराजगी जाहिर की, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने उक्त पोस्टर को उतरवा दिया। जानकारी के मुताबिक रोशन मस्जिद में आई लव मोहम्मद का पोस्टर यहां के संचालकों ने लगवाया था, जिससे बाद हिन्दू संगठनों ने प्रशासन के सम्मुख शोर शराबा करते हुए कहा कि शहर में इससे माहौल खराब होने का अंदेशा है।जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर उक्त बैनर पोस्टर को हटवा दिया, जिसके बाद हिंदूवादी कार्यकर्ता शांत हुए।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी सुभाष नागर और मनोज गुप्ता के नेतृत्व में कई हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कोतवाली में जाकर शिकायत की कि नगर की रोशन मस्जिद में आई लव मोहम्मद का पोस्टर लगाया गया है, साथ ही उक्त मस्जिद से जुड़े कुछ लोग नगर में जुलूस आदि निकालकर क्षेत्र की शांति व्यवस्था बिगाड़ सकते हैं। इसके बाद हरकत में आए लालकुआं कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने मौके पर(शेष पृष्ठ सात पर)



## करवाचौथ पर्व पर सजा बाजार,दिखी रौनक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुहाग का प्रतीक करवा चौथ पर्व की रौनक बाजार में दिखनी शुरू हो गई है। सुहागिन महिलायें अपने हाथों में आकर्षक मेंहदी रचाने के लिए बाजार पहुंचने लगी हैं। तो वहीं मिठाईयों की दुकानों पर करवा चौथ पूजा में उपयोग की जाने वाली मठरी व फेनी आदि की बिक्री ने जोर पकड़ लिया है। महिलायें स्वयं को सजाने संवारने के लिए खूबसूरत लिवास व ज्वैलरी की खरीददारी कर रही हैं। बाजार में फलों व मेवों के साथ ही करवा चौथ पूजा में उपयोग की जाने वाली की अन्य सामग्री की बिक्री में भी तेजी(शेष पृष्ठ 7 पर)





## 5 लाख नगद व कार के लिए विवाहिता का उत्पीड़न,मुकदमा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक विवाहिता ने अपने पति व सास पर पुत्री को जन्म देने व 5 लाख रूपये नगद और कार की मांग पूरी न होने पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह 16अप्रैल 2016 को पीयूष उपध्याय पुत्र स्व नवीन चंद उपाध्याय निवासी हिल ब्यू सिटी गंगापुर रोड से हुआ था। कुछ समय बाद हमारी पुत्री भव्या उपाध्याय का जन्म हुआ। पुत्री के जन्म होते ही उसकी सास और पति झगड़ा और मार पीट करने लगे और उसे माता-पिता के घर भेज दिया और वापस नहीं लाए। सन 2022 में पति वापस आये और बोले तुम्हारे साथ में लखनऊ में घर लेकर रहूंगा। तब पिता की मदद से उसने लखनऊ में घर खरीदा। कुछ समय सास और पति उसके साथ रहे और आते-जाते रहते थे। आरोप है 2024 दीवाली के समय जब पति व सास घर आये तो उससे व उसके पिता से 5 लाख रूपये कैश एक कार और जेवर और दहेज के सामान की मांग करने लगे। मना करने पर पति और सास ने उस(शेष पृष्ठ सात पर)

## शिव-ठुकराल की सियासी जंग,शब्दों की चल रही मिसाईलें

### कोली समाज को बता रहे अपना, कोली समाज के नाम पर फिर भड़की राजनीति, जनता देख रही तमाशा

रुद्रपुर (उद. संवाददाता)। शहर की सियासत में इन दिनों एक बार फिर से गरमाहट लौट आई है। विधायक शिव अरोरा और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के बीच पिछले तीन वर्षों से जारी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता अब खुले आम सड़कों पर नजर आने लगी है। दोनों नेताओं के बीच बयानबाजी और शक्ति प्रदर्शन की इस जंग ने अब सामाजिक रंग भी ले लिया है, जिसका असर सीधे तौर पर कोली समाज के भीतर भी देखा जा रहा है। दरअसल, 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल अब तक पार्टी में दोबारा प्रवेश नहीं पा सके हैं। इस बीच भाजपा विधायक शिव अरोरा और ठुकराल के बीच चुनावी रंजिश धीरे-धीरे व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप में बदलती चली गई। ताजा घटनाक्रम ने इस पुराने राजनीतिक विवाद में एक बार फिर चिंगारी भर दी है। 5 अक्टूबर को रम्पुरा वार्ड 22 में आयोजित एक धार्मिक आयोजन के दौरान पूर्व विधायक ठुकराल के वाहन चालक का एक स्थानीय युवक से वाहन साइड करने को लेकर विवाद हो गया। मामूली विवाद जल्द ही तूल पकड़ गया और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रम्पुरा चौकी में तहरीर दे दी। घटना के बाद विधायक शिव अरोरा स्वयं विवाद में शामिल युवक के घर पहुंचे और परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके तुरंत बाद ही भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कोली समाज के कुछ लोगों ने राजकुमार ठुकराल के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंका। इस घटनाक्रम से माहौल और भी गर्मा गया। दूसरी ओर, राजकुमार ठुकराल के समर्थक भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने उसी दिन विधायक शिव अरोरा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया। इससे रम्पुरा क्षेत्र का माहौल राजनीतिक तूफान में बदल गया। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि दोनों नेताओं की यह रस्साकशी अब सिर्फ व्यक्तिगत नहीं रही, बल्कि इसे समाज विशेष की भावनाओं से भी जोड़ने की कोशिश की जा रही है। कोली समाज को लेकर दोनों पक्ष अपनी- अपनी निष्ठा जताने की होड़ में हैं, जबकि आम जनता इसे सियासी नाटक के रूप में देख रही है। एक समय में भाजपा के मजबूत सहयोगी रहे अरोरा और ठुकराल अब एक-दूसरे के प्रखर विरोधी बन चुके हैं। सियासी गलियारों में चर्चा है कि आगामी विधान सभा चुनाव के समीकरणों को देखते हुए दोनों नेताओं की यह जंग और तेज हो सकती है। फिलहाल, रुद्रपुर की राजनीति में यह "अरोरा बनाम ठुकराल" प्रकरण सिर्फ व्यक्तिगत प्रतिष्ठा की लड़ाई नहीं, बल्कि समाज और संगठन के बीच संतुलन साधने की चुनौती बन चुका है। जनता देख रही है कि यह सियासी मिसाइलें कब थमेंगी और कौन किस पर भारी पड़ेगा। बहरहाल दोनों की जुबानी जंग को लेकर चर्चाओं का बाजार गरम है और जनता खूब तमाशा देख रही है।





# सीएम धामी ने केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

**रेल मंत्री ने दी हरिद्वार व देहरादून रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किये जाने पर सहमति**

**मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में सात जल विद्युत परियोजनाओं के विकास एवं निर्माण की स्वीकृति देने का किया अनुरोध**





देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुध वार को नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर उत्तराखण्ड में रेल अवसंरचना के विकास पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने देहरादून एवं हरिद्वार रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किए जाने के लिए दोनों रेलवे स्टेशनों के विस्तार/सुदृढ़ीकरण के साथ ही हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य केन्द्र सरकार द्वारा पूर्ण व्ययभार वहन करते हुए पूर्ण कराने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने हरिद्वार व देहरादून रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किये जाने पर सहमति देते हुए कहा कि हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन दोहरीकरण के कार्य का पूर्ण व्ययभार केन्द्र सरकार द्वारा किये जाने के संबंध में परीक्षण कर उचित निर्णय लिया जाएगा।मुख्यमंत्री ने टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना में संरेखण में अल्मोड़ा और सोमेश्वर क्षेत्रों को भी जोड़ने की संभावनाओं पर विचार करने और टनल के साथ-साथ सड़क का प्रावधान करने का अनुरोध केन्द्रीय रेल मंत्री से किया। रेल मंत्री ने कहा कि इस पर विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश के पुराने रेलवे स्टेशन को पूर्णतः बंद करते हुए इस भूमि के सभी अधिकार राज्य सरकार को हस्तांतरित किए जाने के लिए भी केन्द्रीय रेल मंत्री से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराने रेलवे स्टेशन के बंद होने के कारण यदि योग नगरी रेलवे स्टेशन पर सुव्यवस्थित संचालन के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी तो राज्य सरकार इस पर सकारात्मक विचार एवं सहयोग करेगी। रेल मंत्री ने इस पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दी। केन्द्रीय रेल मंत्री ने मुख्यमंत्री के अनुरोध पर देहरादून-टनकपुर वीकली ट्रेन को सप्ताह में तीन बार किये जाने पर भी सहमति दी। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव से भेंट कर उत्तराखंड में सात जल विद्युत परियोजनाओं (कुल क्षमता 647 मेगावाट) के विकास एवं निर्माण की स्वीकृति हेतु समर्थन मांगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य गंगा और उसकी सहायक नदियों की निर्मलता, अविरलता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों से युवाओं को रोजगारपरक अवसर उपलब्ध कराने हेतु हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए गौलापार क्षेत्र में लगभग 12.317 हेक्टेयर वन भूमि हस्तांतरित करने का प्रस्ताव वन विभाग को भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से संबंधित अधिकारियों को इस भूमि स्थानांतरण हेतु आवश्यक कार्रवाई का निर्देश देने का अनुरोध किया।केंद्रीय मंत्री ने सैद्धांतिक सहमति देते हुए हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया । इस अवसर पर सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन भारत सरकार, श्री तन्मय कुमार, उत्तराखण्ड के प्रमुख सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, स्थानिक आयुक्त श्री अजय मिश्रा मौजूद थे।

## लार्सन एंड टुब्रो के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की 5 करोड़ की सहायता राशि



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को नई दिल्ली में लार्सन एंड टुब्रो के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में हाल ही में हुई प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की सहायता एवं राहत-पुनर्वास कार्यों में सहयोग हेतु 5 करोड़ (पांच करोड़ रुपये) की सहायता राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने एल.एंड.टी. के इस सराहनीय सहयोग के लिए कंपनी के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में कॉर्पोरेट सेक्टर का यह योगदान राज्य सरकार के लिए बड़ी सहायता साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ कर रही है। ऐसे में निजी क्षेत्र की सहभागिता से इन कार्यों में और तेजी आएगी तथा प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत पहुंचाई जा सकेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड एक आपदा संवेदनशील राज्य है, जहां भौगोलिक परिस्थितियों के कारण समय-समय पर प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने और राहत तंत्र को और अधिक सक्षम करने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। इस अवसर पर एल.एंड.टी. समूह के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# देहरादून में सात मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निरस्त

**धामी सरकार का सख्त कदम, बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रदेशभर में कफ सिरप पर बड़ी कार्रवाई,170 नमूने जांच को भेजे**



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्यभर में अवैध, असुरक्षित और निम्न गुणवत्ता वाली कफ सिरप दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की टीमें प्रदेश के हर जिले में सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में शुरू यह अभियान अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाई के रूप में सामने आया है। स्वास्थ्य सचिव व आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार और अपर आयुक्त व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी की देखरेख में पूरे प्रदेश में दवा विक्रेताओं, थोक आपूर्तिकर्ताओं और मेडिकल स्टोरों पर औचक निरीक्षण चल रहा है। **देहरादून में सबसे बड़ी छापेमारी :** एफडीए की टीम ने देहरादून में बड़े पैमाने पर छापेमारी की। आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर औषधि निरीक्षक मानेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में टीम ने चकराता रोड, किशन नगर चौक, बल्लूपुर चौक, कांवली रोड, बल्लीपुर चौक और प्रेमनगर क्षेत्रों में मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में बच्चों को दी जाने वाली खांसी और सर्दी-जुकाम की दवाओं के क्रय-विक्रय पर तत्काल रोक लगाई गई। जिन दुकानों में यह दवाएं भंडारित थीं, उन्हें मौके पर सील कर दिया गया। विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि इन औषधियों का विक्रय अगली सूचना तक न करें। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कई विक्रेताओं ने स्वयं संज्ञान लेकर इन दवाओं को पहले ही दुकान से हटा दिया था। टीम ने मौके पर 11 सिरप के नमूने जांच के लिए लिए। जांच में Coldrif] Respifresh &TR और Relife जैसे सिरप किसी भी मेडिकल स्टोर में उपलब्ध नहीं पाए गए। **उधम सिंह नगर में ४० नमूनों की जांच हेतु भेजे :** प्रदेश में बच्चों के लिए बनाए गए खांसी के सिरप पर कार्रवाई के तहत उधम सिंह नगर जनपद में औषधि विभाग की टीम ने अभियान तेज कर दिया है। वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार और औषधि निरीक्षक निधि शर्मा के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 10 पेडियाट्रिक कफ सिरप के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। इन सिरप में Deñtromethorphan Hydro bromide] Chlorpheniramine Maleate और Phenylepherine Hydrochloride जैसे तत्व पाए गए हैं। अब तक जिले से कुल 40 कफ सिरप नमूने फॉर्म-17 में लेकर विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजे जा चुके हैं। **हरिद्वार व रुड़की में भी सख्त कार्रवाई, १५ नमूने जांच हेतु भेजे :** इसी क्रम में हरिद्वार जनपद में भी औषधि विभाग ने अभियान को और तेज किया है। अपर आयुक्त के निर्देशों पर रुड़की के एयरन हॉस्पिटल, विनय विशाल हॉस्पिटल तथा हरिद्वार के मेट्रो हॉस्पिटल से कुल 15 कफ सिरप के नमूने परीक्षण हेतु लिए गए हैं। औषधि निरीक्षक अनीता भारती के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूनों को विश्लेषण के लिए भेज दिया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, हरिद्वार जिले से अब तक कुल 39 नमूने जांच हेतु लिए जा चुके हैं। **हल्द्वानी में सरकारी अस्पताल से लिए गए नमूने :** नैनीताल जनपद के हल्द्वानी में भी एफडीए की कार्रवाई जारी रही।ैवइंदै पदही श्रममदं ठेंम भ्वेचपजंस की ड्रग स्टोर से तीन कफ सिरप के नमूने जांच के लिए लिए गए। सभी नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु औषधि विश्लेषणशाला, देहरादून भेजा गया है। **कोटद्वार में ^Respifresh TR* सिरप का स्टॉक सीज :** पौड़ी जिले के कोटद्वार में एफडीए टीम ने कल रात से छापेमारी अभियान चलाया, जो आज भी जारी रहा। कार्रवाई के दौरान जानलेवा घोषित त्मेचपतिमीे ज्त कफ सिरप का स्टॉक कई मेडिकल स्टोरों से सीज किया गया। आज भी टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से तीन नए नमूने परीक्षण के लिए लिए हैं।

**चौखुटिया-चांदीखेत में भी सख्त कार्रवाई :** अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया और चांदीखेत में आज एफडीए की टीम ने छह मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान Respifresh TR सिरप (Batch No- R01GL2523) की 12 बोतलें जब्त की गईं। यह सिरप पहले ही एनएसक्यू (Non& Suitable Quality) घोषित किया जा चुका है। टीम ने चार कफ सिरप के नमूने जांच हेतु एकत्र किए।

**रुद्रप्रयाग में ४ नमूने लिए गए, सैंपल भेजे जांच को :** रुद्रप्रयाग जनपद के तिलवाड़ा क्षेत्र में औषधि निरीक्षकों की टीम ने रिटेल और थोक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर चार नमूने कफ सिरप के लिए संकलित किए। दवाओं की गुणवत्ता जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**उत्तरकाशी में चार सिरपों पर प्रतिबंध :** जनपद उत्तरकाशी में औषधि निरीक्षक मोहम्मद ताजिम के नेतृत्व में छापेमारी की गई। टीम ने बच्चों में प्रयुक्त चार प्रकार के कफ सिरपों के नमूने लिए और देहरादून की प्रयोगशाला को भेजे। औषधि निरीक्षक ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को चेतावनी दी कि निम्नलिखित सिरप किसी भी हालत में न रखें और न बेचें Deñtrome thorphan Hydrobromide Syrup(KL&25@148)] Coldrif(SR&13)] Respifresh TR (R01GL2523) और Relife (LSL25160)A साथ ही निर्देश दिए गए कि 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप बिल्कुल न दिया जाए और वयस्कों को भी केवल डॉक्टर की सलाह पर ही दवाएं दी जाएं।

**अब तक 148 नमूने जांच के लिए भेजे गए :** प्रदेशभर में जारी छापेमारी के दौरान अब तक 148 नमूने जांच के लिए भेजे गये। इसके साथ ही आज देहरादून में 11, कोटद्वार में 3, हल्द्वानी में 3, अल्मोड़ा में 4, रुद्रप्रयाग में 4 और उत्तरकाशी में 4 नमूने लिए गए हैं। अभियान के दौरान दर्जनों प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है और कई स्थानों पर संदिग्ध स्टॉक जब्त कर सीलिंग की कार्रवाई की गई है।

## राज्य सरकार बच्चों की सुरक्षा और जन स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हमारी सरकार हर उस तत्व के खिलाफ सख्त है जो बच्चों की जान से खिलवाड़ करने की कोशिश करेगा। दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यह कार्रवाई बच्चों के जीवन की सुरक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा एफडीए की कार्रवाई यह संदेश दे रही है कि उत्तराखंड में बच्चों की सेहत सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता से अपील है कि बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी सिरप या दवा बच्चों को न दें। राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि केवल प्रमाणित और सुरक्षित औषधियां ही जनता तक पहुंचें। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा राज्यभर में



एफडीए की टीमें सक्रिय हैं। जिन सिरपों को जांच के लिए भेजा गया है, उनकी रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी जिलों में मेडिकल स्टोरों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि संदिग्ध बैच नंबर की औषधियां तुरंत हटाई जाएं। अपर आयुक्त और ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने कहा एफडीए का अभियान निरंतर जारी रहेगा। पिछले चार दिनों में 27 नमूने जांच हेतु लिए जा चुके हैं और कई प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग की टीमें दिन-रात फील्ड में सक्रिय हैं। हमारा लक्ष्य है कि किसी भी असुरक्षित औषधि को बाजार से पूरी तरह समाप्त किया जाए। एफडीए ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि यदि किसी मेडिकल स्टोर या वितरक के पास उपरोक्त प्रतिबंधित सिरप पाया जाए तो तुरंत स्थानीय औषधि निरीक्षक या एफडीए कार्यालय को सूचित करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ लाइसेंस निरस्तीकरण, जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जो निर्णायक कदम उठाया है, वह प्रदेश में स्वास्थ्य सुरक्षा की नई मिसाल है। औषधि विभाग की यह मुहिम न सिर्फ संदिग्ध औषधियों पर रोक लगाने में अहम भूमिका निभा रही है, बल्कि यह संदेश भी दे रही है कि धामी सरकार बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# जिला स्तरीय तहसील दिवस पर 44 शिकायतें दर्ज, 18 का हुआ निस्तारण

## अपर जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को शीघ्र निराकरण करने के दिशा निर्देश दिये

गदरपुर(उद संवाददाता)। ब्लाक कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय तहसील दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 44 शिकायतें दर्ज की गयी। जिसमें 18 शिकायतों/ समस्याओं का





मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील दिवस पर आयी समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारित करना सुनिश्चित करें यह निर्देश अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बुधवार को ब्लॉक सभागार गदरपुर में आयोजित तहसील दिवस में अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होने पंजीकृत समास्याओं व उनके निस्तारण को जन समर्पण पोर्टल पर भी अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्या जिस स्तर की है उसी स्तर पर समाधान करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। ब्लॉक सभागार गदरपुर में आयोजित तहसील दिवस में पेंशन, राशन कार्ड, प्रमाण पत्र, सिंचाई, पेयजल, सड़क निर्माण व मरम्मत, विद्युत, नलकूप, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित 44 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमे से 18 शिकायतों/ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील में गदरपुर निवासी मौ0 रफी ने वार्ड नं0-02 में नाली की तलीझाड़ सफाई कराने का अनुरोध किया। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये कि शीघ्र नाली की सफाई कराना सुनिश्चित करें ताकि पानी रिसाव से किसानों की फसल खराब न हो। सुखशांति नगर निवासी परमजीत सिंह ने ग्राम नरायणपुर में भूमि का खसरा तस्दीक के उपरांत पत्रावली दिलाने का अनुरोध किया। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को शीघ्र पत्रावली जॉच कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। ग्राम प्रधान मोतियापुर सुमन ने मोतियापुरा, बलखेड़ा में 02 किमी हॉटमिक्स सड़क बनाने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोनिवि को निरीक्षण कर सड़क बनाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। क्षेत्र पंचायत सदस्य झगड़पुरी मोतियापुरा हसीना जहॉ ने ग्राम पचायत झगड़पुरी में एनएच-74 से चुनपुरी, आजाद नगर एवं बलखेड़ा शान्तिग्राम मार्ग निर्माण कराने के अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने सचिव मण्डी को मार्ग का निरीक्षण कर आर्ययोजना बनाकर सड़क निर्माण हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम प्रधान गिरधर नगर निशा रानी ने नहर को सफाई कराने व 500 मीटर नहर को पक्का कराने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को सफाई कराने के निर्देश दिये। ग्राम प्रधान गदरपुरा मौ0 तय्यब ने ग्राम सभा गदरपुरा में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल लगाने का कार्य शीघ्र पुरा कराने, लोगों के सफेद राशन कार्ड बनाने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पेयजल निगम को नल लगाने का कार्य शीघ्र पुरा कराने व जिला पूर्ति अधिकारी को जॉच कर सफेद राशन कार्ड बनाने हेतु कार्यवही करने के निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में जनता व जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण व जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी क्षेत्रों में जाकर जन समस्याओं को सुने व उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई व विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर संचालित योजनाओं की जनता को जानकारियां दी गई। तहसील दिवस में ब्लाक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, उप जिलाधिकारी डॉ अमृता शर्मा, तहसीलदार लीना चंद्रा, एसीएमओ डॉ0 हरेंद्र मालिक, सहायक निदेशक दुग्ध राजेन्द्र सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिम्वाल, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, अल्प संख्यक अधिकारी नंदिनी तोमर, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, खंड विकास अधिकारी अतिया परवीन, आरके हेमराज सिंह आदि उपस्थित थे।

### तहसील दिवस की जानकारी तक नहीं थी

गदरपुर। तहसील दिवस जो कि ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया थोड़े से फरियादियों द्वारा पहुंचकर अपने आवेदन प्रस्तुत किए गए, वही मीडिया कर्मियों को भी जानकारी न होने की वजह से कई समाचार संकलन के लिए नहीं पहुंच पाए जिससे मीडिया कर्मियों एवं अन्य लोगों में भी रोष पाया जा रहा है। जिन लोगों द्वारा अपनी फरियाद लेकर नहीं पहुंचा जा सका उनका कहना था कि उन्हें तहसील दिवस की जानकारी तक नहीं थी ना ही किसी स्रोत से उन्हे सूचना मिली। वहीं प्रशासन द्वारा फॉर्मेलिटी पूरी करने के लिए कार्यक्रम की सूचना कुछ लोगों को देकर इतिश्री कर ली गई।

# विकास योजनाओं के लिए 14.62 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के विकासखण्ड बेतालघाट में दूनीखाल से रातीधाट (पाडली) तक मोटर मार्ग के निर्माण किये जाने हेतु 9.81 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ में विभिन्न आपदा



प्रबन्धन सम्बन्धी सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु एसडीआरएफ वाहिनी कन्ट्रोल रूम को कमाण्ड एंड कंट्रोल सेंटर के रूप में स्थापित किये जाने तथा आधुनिक तकनीकों के साथ उच्चीकृत किये जाने हेतु 25 लाख राज्य आपदा मोचन निधि के क्षमता विकास से स्वीकृत किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है।मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत तहसील थल के कार्यालय भवन निर्माण हेतु 4.56 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आन्दोलनकारी स्व० धर्मानन्द बमराडा की आश्रित पत्नी श्रीमती सीता देवी, निवासी ओम विहार, अजबपुर कला देहरादून को उनके पति की मृत्यु की तिथि दिनांक 10.07.2023 के उपरान्त अनुमन्य की गयी 4500.00 प्रतिमाह पेंशन को समायोजित करते हुए उन्हें 6000.00 प्रतिमाह राज्य आन्दोलनकारी आश्रित पेंशन प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# 'दान उत्सव 2025' के अंतर्गत चकफेरी कॉलोनी में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

पंतनगर। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'दान उत्सव 2025' के अंतर्गत 6 से 8 अक्टूबर 2025 तक चकफेरी कॉलोनी में विविध समाज-हितैषी गतिविधियों का आयोजन किया गया। 'दान उत्सव', जिसे 'गिविंग वीक' या 'उपहार देने का त्योहार' भी कहा जाता है, हर वर्ष 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा, करुणा और निस्वार्थ दान की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए बी.एससी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के प्रथम एवं तृतीय वर्ष की लगभग 110 एनएसएस स्वयंसेवक छात्राओं ने भाग लिया। 6 अक्टूबर 2025 को अभियान की शुरुआत डिजिटल शिक्षा सत्र से हुई, जिसमें छात्राओं ने स्थानीय लोगों को चौट जीपीटी एवं पेटीएमो अन्य डिजिटल उपकरणों के प्रयोग की जानकारी दी। इसके साथ ही एक "विश ट्री" की स्थापना की गई, जिसमें जरूरतमंद समुदाय की आवश्यकताओं को समझ कर उन्हें पूरा करने का संकल्प लिया गया। महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता




से संबंधित विषयों पर इंटरैक्टिव टॉक के माध्यम से जागरूक किया गया। 7 अक्टूबर को एनएसएस इकाई द्वारा एक स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर विभिन्न कॉलोनियों से होते हुए चकफेरी क्षेत्र तक पहुंची। इस रैली में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता संबंधी नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया और फिर सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन को सक्रिय रूप से समर्थन दिया। 8 अक्टूबर को चकफेरी कॉलोनी एक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जरूरतमंद बच्चों को किताबें, स्टेशनरी और अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की गई। इन सभी गतिविधियों ने न केवल स्वयंसेवकों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित किया, बल्कि स्थानीय समुदाय के साथ सकारात्मक जुड़ाव को भी सुदृढ़ किया। इस तीन-दिवसीय आयोजन का सफल संचालन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डा. संध्या रानी के कुशल निर्देशन में हुआ। उन्होंने समापन पर कहा कि 'दान उत्सव केवल एक सप्ताह का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सेवा और करुणा को जीवनशैली में उतारने का माध्यम है। हमें गर्व है कि हमारी छात्राएं इस उद्देश्य में सक्रिय रूप से भागीदार बनीं।

# सीनियर नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप के लिए टीम रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आगामी 9 से 12 अक्टूबर 2025 को डॉ. बी. आर. अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित होने जा रही सीनियर नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप 2025 में प्रतिभाग करने के लिए जनपद ऊधम सिंह नगर की जु-जित्सू टीम 06:30 बजे रेलवे स्टेशन रुद्रपुर से रवाना हुई।इस अवसर पर जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद के खिलाड़ी हमेशा अपने शानदार खेल से जिले, राज्य एवं राष्ट्रीय का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। और उन्होंने कहा कोच ऋषि पाल भारती के नेतृत्व में जा रही टीम सर्वाधिक पदक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करेगी।जानकारी देते हुए जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दिनांक 09 से 12 अक्टूबर 2025 तक डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर,



उत्तर प्रदेश में सीनियर नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप 2025 अयोजित की जा रही है।जिसमें विभिन्न राज्यों के 100 से अधिक रैफरी एंड ऑफिशियल्स सहित लगभग 1000 से अधिक खिलाड़ी जु-जित्सू खेल के ने-वाजा, फाइटिंग, कॉन्टैक्ट, डूओ एंड शो इवेंट्स में अपना जौहर दिखाएंगे। और उन्होंने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता में जनपद उधम सिंह नगर के 19 खिलाड़ी अंडर-21, एडल्ट्स, मास्टर्स एंड पैरा आयुवर्गो की स्पर्धाओं में अपना जौहर दिखाएंगे। जिसमें 9 महिला खिलाड़ियों में प्रिया विश्वास, आकृति कौर, कताक्षा कौर, शिवानी, कौशल्य गुप्ता, कंचन बसेरा, मीना, स्मृति कार्की, रूनू शर्मा एवं 10 पुरुष खिलाड़ियों में क्षितिज सिंह, जय प्रकाश, देवयांशु कार्की, मनी अरोरा, विक्रम कुमार, आर.पी. भारती, कमल सिंह, गुलशन कुमार, हैप्पी सिंह, कृष्ण चौहान शामिल हैं। टीम कोच की भूमिका में ऋषि पाल भारती, मैनेजर किशोर सिंह, टेक्निकल ऑफिशियल में हिमा भट्ट, गंगा मेहरा शामिल है। इस अवसर पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विनय कुमार जोशी, अध्यक्षा श्रीमति रसिका सिद्धीकी, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सतीश जोशी, जिला डीएसओ जानकी कार्की, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, मुकेश कुमार, कृष्ण चौहान, वसीम खान, शेखर सक्सेना, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, राजीव राणा, सतनाम चावला, सुरभि रस्तोगी, एजे बटसर, साधना बटसर ,अपूर्व मनोहर सिंह, जगविंदर सिंह, प्रेम प्रकाश, अजय शर्मा, सहित अनेकों अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी लोगों ने बधाई दी।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मौर्या का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य का प्रथम बार हल्द्वानी आगमन पर भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड मछुआरा प्रकोष्ठ के संयोजक महेंद्र कश्यप के रामपुर रोड स्थित कार्यालय में फूल मालाओं व पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। जिसके उपरांत जायसवाल समाज द्वारा सत्यनारायण मंदिर धर्मशाला में समाज के लोगों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री वीरेंद्र जायसवाल, गंगा जयसवाल, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष महेश साहू, विनोद जायसवाल, जानकी प्रसाद कश्यप, अजय गोयल, पार्षद अमित बिष्ट, वीरपाल सिंह, राजेंद्र नेगी, मंडल अध्यक्ष दीपू नेगी, कृष्ण पाल मौर्या, कन्हैया जयसवाल, नगर अध्यक्ष मधुकर, जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा हीरालाल साहू, जायसवाल समाज अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद समेत बड़ी संख्या में ओबीसी समाज एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# महर्षि वाल्मीकि के प्रकट्योत्सव पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा



## विधायक शिव अरोरा ने किया शुभारम्भ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महर्षि वाल्मीकि भगवान के प्रकट्योत्सव के अवसर पर गाँधी कॉलोनी से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद के



तत्वाधान मे भगवान वाल्मीकि की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुऐ विधायक शिव अरोरा का कमेटी द्वारा अभिनन्दन किया। विधायक अरोरा ने धार्मिक अनुष्ठानों के बीच फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारम्भ किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि महाकव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि भगवान के प्रकोत्सव पर आयोजित यह भव्य दिव्य शोभायात्रा मे शामिल होने का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। निश्चित रूप से वाल्मीकि भगवान द्वारा रामायण मे जिस प्रकार से प्रभु राम के जीवन की एक एक लीला का वर्णन किया है वह अकल्पनीय है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि भगवान के दिखाए मार्ग को अनुसरण कर हमको धर्म के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। उनके लिखें रामायण मे लिखें एक एक शब्द हमको बताता है । रामायण मे भगवान वाल्मीकि की सोच समाज को सगठित करने व सनातन संस्कृति को हर घर तक पंहुचाने का कार्य किया। विधायक अरोरा ने महर्षि वाल्मीकि भगवान के प्रकट उत्सव की क्षेत्रवासियों शुभकामनाएं दी व भव्य दिव्य शोभायात्रा के आयोजन के लिए कमेटी को शुभकामनायें दी। इस दौरान संरक्षक महावीर प्रसाद सकैनिया, अध्यक्ष मुकेश राजौरिया, भरत चांदीलिया, सन्नी राजौरिया, सोनू राठौर, शिवा वाल्मीकि, अमन वैद्य, सुनील यादव, मनोज मदान, मयंक कक्कड़ सहित वाल्मीकि समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नगर निगम गेट पर महापौर व अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुष्पवर्षा कर जताई आस्था







रुद्रपुर। महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा का नगर निगम गेट पर महापौर विकास शर्मा की अगुवाई में निगम अधिकारियों, कर्मचारियों और पार्षदों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा जैसे ही नगर निगम परिसर के समीप पहुंची, निगम की ओर से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई यह शोभायात्रा धार्मिक उल्लास, सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बन गई। यात्रा में भगवान वाल्मीकि, लव-कुश तथा महर्षि वाल्मीकि के जीवन प्रसंगों पर आधारित सजीव झांकियों ने सभी श्रद्धालुओं और दर्शकों का मन मोह लिया। श्रद्धालु जगह-जगह पर "जय महर्षि वाल्मीकि" के जयघोष के साथ यात्रा में सम्मिलित हो रहे थे। ढोल-नगाड़ों, शंखध्वनि और भजन कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। अनेक स्थानों पर लोगों ने अपने घरों, प्रतिष्ठानों और गलियों को सजाकर शोभा यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया।इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने नगरवासियों को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल रामायण जैसे महान ग्रंथ के रचयिता हैं, बल्कि वे समाज को धर्म, न्याय, करुणा और आत्म-परिवर्तन का मार्ग दिखाने वाले युगद्रष्टा भी हैं। उन्होंने कहा कि "महर्षि वाल्मीकि का जीवन इस बात का प्रेरणास्रोत है कि मनुष्य चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थितियों में क्यों न हो, वह आत्मज्ञान और प्रयास से महानता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। महापौर ने कहा कि नगर निगम रुद्रपुर सदैव सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक परंपराओं और जनभावनाओं का सम्मान करता आया है। शोभा यात्रा के स्वागत के दौरान नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, सोनू मुल्तानी, पारस चुघ पार्षद राजेश जग्गा, अशोक चौधरी, लक्ष्मण चौहान, रणजीत चरण, मुकेश राजौरिया, सुनील रोहतगी, राजपाल चौधरी, राजू, संजय कुमार, विजा लाल, रघुवीर, संदीप आजाद, मनोज कुमार, नरेश, सुरेन्द्र, श्यामा चरण, अनिल, गोविंदा, विक्की, रामप्रकाश, बबलू, राकेश, सूरज आजा के अलावा पार्षद गण और निगम कर्मी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## बंडीया नमक फैक्ट्री पुल निर्माण को मिली स्वीकृति

किच्छा। विधायक तिलकराज बेहड़ के सतत प्रयासों का सुखद परिणाम सामने आया है। आपदा में क्षतिग्रस्त हुए बंडीया भट्टा स्थित नमक फैक्ट्री के पास पुराने पुल के स्थान पर अब नए दो लेन पुल का निर्माण होगा। इस बहुप्रतीक्षित मांग को आखिरकार सरकार ने स्वीकार करते हुए निर्माण कार्य के पहले चरण के लिए प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए विधायक बेहड़ ने बताया कि यह स्वीकृति मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 638/2024 के अंतर्गत प्राप्त हुई है। पहले चरण में 60 मीटर सुपन सेतु के निर्माण पर ৳8.58 लाख की लागत से कार्य प्रारंभ होगा, जिसकी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई है। बेहड़ ने बताया कि पुल के निर्माण को लेकर वे लगातार प्रयासरत रहे हैं। विधायक बनने के बाद से ही उन्होंने बंडीया नमक फैक्ट्री के पास आपदा में ध्वस्त हुए पुल के पुनर्निर्माण के लिए पत्राचार किया और मुख्यमंत्री से भी कई बार इस मुद्दे को उठाया। साथ ही, पुरानी गल्ला मंडी किच्छा में भी नए पुल की मांग लम्बे समय से की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब जबकि पुल निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है, तो जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इस पुल के बनने से न केवल क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि स्थानीय यातायात भी सुगम होगा। भारी संख्या में लोग इस मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करते हैं, जिन्हें अब परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। विधायक बेहड़ ने पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी जताया और आशा जताई कि सरकार क्षेत्र के अन्य लंबित विकास कार्यों पर भी जल्द निर्णय लेगी।



# वाल्मीकि प्रकट दिवस पर रुद्रपुर में भव्य जागरण आयोजित





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के पावन अवसर पर महर्षि वाल्मीकि धर्म समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में गांधी कॉलोनी स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में भव्य जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में मेयर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, फूल-मालाओं और भगवा झंडों से सजाया गया था। भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक भक्ति रस में डूबी रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं भगवान वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। समिति के सदस्यों ने भगवान वाल्मीकि के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे उन्होंने समाज को सदाचार, शिक्षा और समानता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, मेयर विकास शर्मा तथा पूर्व मेयर रामपाल सिंह का समिति की ओर से भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष भव्य माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मंच से वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल संस्कृत के प्रथम कवि थे, बल्कि समाज सुधार के भी प्रतीक हैं। उन्होंने अपने ज्ञान, त्याग और तप से मानवता के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया। जागरण के दौरान भक्त मंडलियों द्वारा भगवान वाल्मीकि से संबंधित दर्जनों भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। इनमें "जय जय वाल्मीकि भगवान, सबका करो कल्याण", "रामायण के रचयिता तू ही ज्ञान के दाता", "महर्षि वाल्मीकि का नाम अमर रहे" जैसे भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। पूरा माहौल 'जय वाल्मीकि ख्र जय वाल्मीकि' के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री ठुकराल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि के उपदेश आज भी समाज को दिशा देते हैं। भगवान वाल्मीकि एक महान मानवता के पथ प्रदर्शक थे। ठुकराल ने कहा, "भगवान वाल्मीकि ने यह दिखाया कि कर्म और ज्ञान के बल पर कोई भी व्यक्ति समाज में सम्मान पा सकता है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर अपने समाज को शिक्षित और सशक्त बनाना चाहिए।"उन्होंने आगे कहा कि वाल्मीकि समाज आज निरंतर प्रगति की दिशा में अग्रसर है और इसकी एकता व जागरूकता पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। मेयर विकास शर्मा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि का जीवन त्याग, ज्ञान और सेवा का प्रतीक है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारा और सद्भाव स्थापित करना चाहिए।कार्यक्रम में पूर्व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, समाजसेवी संजय ठुकराल, सुल्तान सिंह, पारस चुघ, गौरव जुयाल, शाहिद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और समिति सदस्य उपस्थित रहे।इस दौरान कलाकारों द्वारा पारंपरिक पोशाक में भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया। आयोजकों ने बताया कि भगवान वाल्मीकि समाज सदैव समाज सुधार, शिक्षा प्रसार और समानता के सिद्धांतों पर अग्रसर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में समिति द्वारा निःशुल्क शिक्षा शिविर, समाजिक जागरूकता अभियान और रक्तदान शिविर जैसे जनहितकारी कार्य भी किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और देर रात तक भजन संध्या में भक्तजन भगवान वाल्मीकि की महिमा का गुणगान करते रहे।

# अग्रवाल महिला समिति के करवा चौथ उत्सव में मचा धमाल

## गरबा डांडिया डांस व वरिष्ठ बहनों के नृत्य ने बांधा समा





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल महिला समिति द्वारा सुहाग का प्रतीक करवा चौथ उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कई आकर्षक कार्यक्रमो में गरबा डांडिया नृत्य, हल्दी, मेहंदी व शादी के गानों पर नृत्य, 50 एवं 60 वर्ष से अधिक आयु की बहनों द्वारा किया गया नृत्य के साथ ही गीत संगीत की धुनों पर महिलाओं द्वारा करवा चौथ स्पेशल किया डांस करवा चौथ उत्सव में विशेष आकर्षण का केन्द्र बनकर खूब तालियां बटोरने में सफल रहे। कार्यक्रम में समाज की जिन नव बहुओं का पहला करवा चौथ है उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही इस मौके पर लगाए गए विभिन्न वस्तुओं के स्टालों पर लोगों ने खूब खरीददारी भी की। इससे पूर्व करवा चौथ उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती बतासो देवी व राजकुमारी तुलस्यान, अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीरा बंसल के साथ डा.सारिका गर्ग, डा. मंजुला सिंगला व डा. रूबी गुप्ता ने अग्रवाल महिला समिति अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग, कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया आदि पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया। सर्व प्रथम आकर्षक वेशभूषा में समाज की महिलाओं ने गणेश वंदना की। जिसके पश्चात गीत संगीत का ऐसा वातावरण बना कि उपस्थित सभी महिलाएं व अतिथि संगीत की धुन में झूमने लगे। महिलाओं द्वारा प्रस्तुत गरबा डांडिया डांडिया नृत्य और 50 एवं 60 वर्ष से अधिक आयु की बहनों द्वारा किया गया नृत्य देखकर उत्सव में मौजूद सभी अतिथि तालियां बजाते हुए खुद को भी थिरकने से नहीं रोक सके। सुंदर परिधानों से सजी महिलाओं द्वारा किया गया गरबा डांडिया डांस समारोह का प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना रहा। समिति द्वारा डांस में भाग लेने वाली सभी बहनों को पुरस्कृत किया गया। महोत्सव में अनेकों स्टॉल भी लगाए गए थे जहां दीपावली उपहार, ठाकुर जी की पोशाक और श्रृंगार सामग्री, कुर्तियां, आर्टिफीशियल ज्वेलरी, बेड शीट, बच्चों के रेडीमेड कपड़े, खिलौने एवं अन्य आकर्षक आईटम विक्रय के लिए उपलब्ध थे। इन स्टालों पर लोगों ने जहां खूब खरीददारी की वहीं विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का मजा भी लिया। समिति की अध्यक्षा सुषमा अग्रवाल तथा महामंत्री प्रिया गर्ग ने महोत्सव में आए सभी गणमान्य अतिथियों, सहयोगियों व सभी माता बहनों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अग्रवाल महिला समिति पिछले कई वर्षों से विभिन्न पर्वों पर कार्यक्रम आयोजित करने के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भी हमेशा अग्रणीय भूमिका निभाती रही है। अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने सभी सुहागिनों को सुहाग के दीर्घायु और सुखी दाम्पत्य जीवन का आर्शीवाद दिया। अंत में लक्की ड्रा का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। अग्रवाल महिला समिति अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल व महामंत्री प्रिया गर्ग ने बेहतरीन मंच संचालन कर सभी को अपनी आवाज के जादू और बोलने के अंदाज से खासा प्रभावित किया। इस दौरान अग्रवाल सभा के सरपरस्त ताराचंद अग्रवाल, अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, महामंत्री अमित जैन, कोषाध्यक्ष रणवीर गुप्ता, युवा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल, महामंत्री अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकुल मित्तल, विजय अग्रवाल, मनोज गर्ग, विजय श्यामपुरिया, उमा गर्ग, शारदा रुंगटा, रश्मि जिंदल, नीतू रुंगटा, मधु रुंगटा, ऊषा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, गीता श्यामपुरिया, रचना झुनझुनवाला, बबीता मित्तल, अनुराधा जैन, राधा अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, अंजू बंसल, प्रियंका अग्रवाल, नीतू गोयल, सोनम बंसल, आकाक्षी अग्रवाल, मीनाक्षी गर्ग, शशि बंसल, मोनिका बंसल, नेहा बंसल, नेहा मित्तल, दीप्ति अग्रवाल, कनिका अग्रवाल, अंकिता जैन, प्रियंका मित्तल, शारदा अग्रवाल, आशा खंडेलवाल, रचना जिंदल, मंजू जैन, अरुण जैन, दुर्गा देवी, अंकित बिंदल, पूनम बिंदल, सीमा बिंदल, ओम अग्रवाल सलोनी अग्रवाल स्वीटी बिंदल, आस्था अग्रवाल,सौम्या अग्रवाल. सलोनी अग्रवाल प्रियंका अग्रवाल, शिखा, सीमा अग्रवाल, कुसुम जैन, सीमा गोयल, कान्ता अनुराधा जैन लक्ष्मी अग्रवाल अग्रवाल, सपना मित्तल, आशा गोयल, रीना गोयल आदि मौजूद थे।



# प्रदेश में युवा कांग्रेस को मजबूत और सक्रिय करने के लिए जिलावार प्रभारीयों की हुई नियुक्ति : विनय प्रताप

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पार्टी हाई कमान द्वारा उधम सिंह नगर जनपद में युवा कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के मद्दे नजर उधम सिंह नगर में यूथ कांग्रेस के सदस्यता अभियान को और अधिक तेज करने के लिए भेजे गए प्रभारी विनय प्रताप सिंह का पूर्व पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती मीना शर्मा के आवास पर कांग्रेसजनों ने भव्य स्वागत किया । इस अवसर पर प्रभारी विनय प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश में युवा कांग्रेस को मजबूत और सक्रिय करने के लिए प्रदेश भर में जिलावार प्रभारीयों की नियुक्ति की गई है। उन्हें भी पार्टी हाईकमान द्वारा जनपद उधम सिंह नगर की जिम्मेदारी मिली है। इधर श्रीमती शर्मा ने अपने आवास पर प्रभारी विनय प्रताप सिंह का फूल मालाएं पहनाकर शॉल ओड़ाकर और बुके प्रदान कर उनका भव्य स्वागत किया । इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के महानगर अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, अल्पसंख्यक कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष रामप्रसाद, युवा कांग्रेस के महानगर उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, सहित कई अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे ।अपने संबोधन में प्रभारी विनय प्रताप सिंह ने कहा कि उन्हें जनपद उधम सिंह नगर का प्रभारी बनाया गया है,वह युवा कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं से संपर्क करेंगे, और युवा कांग्रेस को मजबूत बनाने में उनका सहयोग लेंगे । इधर कांग्रेस नेत्री और उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने युवा कांग्रेस के जनपद प्रभारी विनय प्रताप सिंह का फूल मालाएं पहनाकर, बुके प्रदान कर व शॉल ओडाकर स्वागत किया । इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रामप्रसाद, युवा कांग्रेस के महानगर उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता,अरविंद सक्सेना, अनिल शर्मा आदि लोग उपस्थित थे ।



# ग्राम मझरा गोडिंया, बरा में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर। विश्वविद्यालय में केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय समन्वित पशुधन शोध परियोजना-फ्रिजवाल के अंतर्गत ग्राम मझरा गोडिंया, बरा में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पषु प्रजनन विभाग डा. डी. कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने सभी किसानों एवं परियोजना टीम सदस्यों को उत्साहवर्धन के साथ-साथ कुक्कुट पालन के महत्व एवं आवास व्यवस्था पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी डा. सी. बी. सिंह द्वारा परियोजना के उद्देश्य के साथ-साथ सफल पशुपालन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डा. बृजेश सिंह द्वारा गाय एवं गोवत्सों की देखरेख एवं आवास व्यवस्था सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ-साथ पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने एवं पशुओं के साथ अंगी-अंगा का भाव रखने की सलाह दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान प्रति किसान खनिज मिश्रण, अन्त: एवं वाह्य परजीवी नाशक दवाओं आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 55 किसानों ने प्रतिभाग किया। पशुपालकों का पंजीकरण कु. आराधना फुलार एवं सामग्री वितरण श्री षिवांषु तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी डा. चन्द्रभान सिंह एवं धन्यवाद प्रस्ताव डा. बृजेश सिंह द्वारा किया गया।




भव्य शुभारंभ भव्य शुभारंभ

ALMORA URBAN CO-OPERATIVE BANK LTD.

अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लि.

(उत्तर भारत का सबसे बड़ा नगर सहकारी बैंक)

(पूर्णतया सी0बी0एस0, RTGS एवं NEFT सुविधायुक्त)

प्रधान कार्यालय - लाला बाजार, अल्मोड़ा

फोन- 05962-231947, 230743 फोन/फैक्स- 05962-237703, 236036

E-mail: info@almoraurbanbank.com, Visit us: www.almoraurbanbank.com

बैंक के समस्त खाताधारकों, अंशधारकों एवं समस्त सम्मानित जनता को सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि अल्मोड़ा अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि० की 63वीं, 64वीं एवं 65वीं शाखाऐं कार्य-व्यवसाय प्रारम्भ करने जा रही हैं। इस अवसर पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

| शाखा क्रमांक | शाखा का नाम | उद्घाटन की तिथि |
|---|---|---|
| 63 | निकट शिव मन्दिर, थल | 10.10.2025 |
| 64 | तहसील रोड, धारचूला | 14.10.2025 |
| 65 | भराड़ी, बागेश्वर | 31.10.2025 |

पी०सी० तिवारी
प्रबन्ध निदेशक/सी.ई.ओ.

डॉ० वसुधा पन्त
उपाध्यक्ष

महेश चन्द्र जोशी, सी.ए.
अध्यक्ष

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पैदल यात्रियों की सुरक्षा

सड़कों पर पैदल चलने वालों को सुरक्षा का उतना ही अधिकार है, जितना वाहनों में सवार लोगों का होता है। इस पर गौर करना जरूरी है कि सड़कें केवल वाहनों के लिए नहीं हैं, पैदल यात्रियों को भी उन पर चलने का हक है। यातायात नियम भी सभी पर लागू होते हैं। मगर सवाल है कि क्या पैदल यात्रियों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जा रहा है? हर वर्ष सड़क हादसों में जान गंवाने वालों में बड़ी संख्या पैदल यात्रियों की होती है। यह सड़कों पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा में एक गहरी प्रणालीगत विफलता है।यही वजह है कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पैदल यात्रियों तथा गैर-मोटर चालित वाहनों के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया है। इसके लिए छह माह की समय सीमा तय की गई है। हालांकि, कुछ राज्य इस दिशा में पहले ही कदम बढ़ा चुके हैं, लेकिन उनकी नियमावली या तो पूरी तरह स्पष्ट नहीं है या फिर उन पर कड़ाई से अमल नहीं हो पा रहा है। देश में सड़क सुरक्षा की स्थिति क्या है, इसका अंदाजा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से पिछले दिनों जारी एक रपट से लगाया जा सकता है। इसके मुताबिक, वर्ष 2023 में देश भर में 4.8 लाख से ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं। इनमें से करीब 1.72 लाख लोगों की मौत हो गई और 4.62 लाख लोग घायल हुए। इन हादसों में जान गंवाने वालों में 68 फीसद पैदल यात्री और दोपहिया सवार शामिल थे। यह आंकड़ा बताता है कि सड़कों पर सबसे ज्यादा खतरा पैदल चलने वालों और दोपहिया चालकों को होता है। यह बात छिपी नहीं है कि अधिकांश शहरों में फुटपाथ या तो हैं ही नहीं या वे टूटे हुए हैं या फिर उन पर अतिक्रमण हो गया है। इस वजह से नागरिकों को मुख्य सड़कों पर चलने के लिए विवश होना पड़ता है, जहां तेज रफ्तार वाहनों से हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। सड़कों पर यातायात को सुचारु रूप से संचालित करने और सुरक्षा के लिए देश में मोटर वाहन अधिनियम बनाया गया है, मगर उसमें 'पैदल चलने के अधिकार' को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है। इस कारण पैदल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। भारतीय सड़क कांग्रेस ने वर्ष 2012 में फुटपाथों को लेकर कई सुझाव दिए थे, जिनमें पैदल चलने के लिए कम से कम 1.8 मीटर चौड़ा और बाधा-मुक्त क्षेत्र बनाने का सुझाव भी शामिल था। इसके अलावा सरकार की ओर से सड़क सुरक्षा शिक्षा देने, यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने, सड़कों की बनावट में सुधार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को लेकर भी अभियान शुरू किया गया है। मगर इस दिशा में जमीनी स्तर पर अभी भी कोई खास सुधार नजर नहीं आता है।

# एसडीएम को ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन,न्याय दिलाने की मांग

गदरपुर। ब्लाक परिसर में आयोजित तहसील दिवस पर ग्राम अमरपुरी बाग के निवासी ग्रामीणों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रवि कुमार के नेतृत्व में एक शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी के नाम तहसीलदार लीना चंद्रा को सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बन्दोवस्त कर्मचारियों द्वारा उनकी जमीन के कागजात में अनियमितता की गई है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 1955-56 से वे ग्राम अमरपुरी बाग में निवास कर रहे हैं, जिसकी भूमि रकवा 5 एकड़ है। लेकिन बन्दोवस्त कर्मचारियों द्वारा उक्त भूमि पर सिर्फ 2 लोगों का नाम दर्शाया गया है, जो कि ग्रामवासियों के साथ अन्याय है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त भूमि की जांच कराकर समस्त ग्रामवासियों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत अंकित किया जाए, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा उन्हें आवासीय



पट्टा प्रदान किया गया है, जिसमें 70 प्रतिशत ग्रामीणों को सरकारी आवास के साथ बिजली कनेक्शन और पानी का कनेक्शन भी विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है, तो उन्हें भविष्य में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। तहसीलदार लीना चंद्रा ने ग्रामीणों की शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने तहसीलदार के इस कदम का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान होगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि उनकी जमीन के कागजात में सुधार किया जाए और उन्हें स्वामित्व योजना के अंतर्गत लाया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। तहसीलदार लीना चंद्रा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि उनकी समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करेंगी। ग्रामीणों ने तहसीलदार के आश्वासन पर विश्वास जताया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान होगा। इस दौरान समाजसेवी लखीचंद रजक, वार्ड मेम्बर धर्मेंद्र गुप्ता, सूरज पासी, नाथुनी राम, राजेश प्रसाद व करन सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# महर्षि वाल्मीकि के प्रकाटोत्सव पर भजन संध्या आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर के वार्ड नंबर 4 में आयोजित श्री महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकाटोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित भजन संध्या का आयोजन सभासद अश्वनी कुमार एवं युवा कमेटी द्वारा किया गया जिसमे भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। गुंजन सुखीजा ने इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को महर्षि वाल्मीकि जी के जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने अपने संबोधन में महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन, त्याग, और उनके अमर महाकाव्य श्रामायणश के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा



कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि व्यक्ति अपने कर्मों से महान बनता है और उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। भजन संध्या में भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति हुई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री सुखीजा ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और इस आध्यात्मिक और सामाजिक समरसता के कार्यक्रम के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान कमेटी द्वारा गुंजन सुखीजा एवं प्रीत ग्रोवर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर,मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, परमजीत सिंह पम्मा,अजय गाबा,अजय बठला,कुनाल रस्तोगी, शिवम त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पूजा अर्चना कर मनाया गया श्री गोल्ज्यू महाराज के मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) के गंगापुर रोड परिसर में स्थित श्री गोल्ज्यू महाराज जी के मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा



रहा है। इस उपलक्ष में बुधवार को सांय 6:00 बजे से पं०कैलाश तिवारी द्वारा गणेश पूजन के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना प्रारम्भ की गई। जिसमें अनेकों जोड़ों ने उत्तराखंड की पारम्परिक वेषभूषा धारण करते हुए पूजा में प्रतिभाग किया। पूजा- अर्चना के पश्चात जागर प्रारम्भ हुई जो कि देर रात तक चली। आज प्रात: पूजा पाठ, हवन तथा सुन्दर कांड पाठ किया गया। जिसके बाद आयोजन स्थल पर भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शैल परिषद के संरक्षक भरत लाल साह, अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, महामंत्री दिवाकर पाण्डे, कोषाध्यक्ष डीके दनाई, सतीश लोहनी, कीर्ति निधि शर्मा, राजेन्द्र बोरा, हरीश दनाई, मोहन उपाध्याय, संजीव बुधोरी, हरीश मिश्रा, दान सिंह मेहरा, राजेन्द्र बलोदी, रमेश चन्द्र जोशी, डा. एलएम उप्रेती, नरेन्द्र रावत, पूरन चन्द्र जोशी, धीरज गोस्वामी, त्रिभुवन जोशी, मुकुल उप्रेती, बिनीता पाण्डे, दुर्गा साह, डा. अमिता उप्रेती, धीरज पाण्डे, एड. सर्वेश सिंह, संजय ठुकराल, पार्षद पवन राणा, रमेद्र भट्ट, ललित उप्रेती, सुभाष जोशी, एड. शिव कुमार, लाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस को उत्तराखंड मदरसा कानून पर बोलने का कोई हक नहीं : सुभाष

रूद्रपुर। लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने कांग्रेस द्वारा अवैध मदरसों पर कारवाई पर दिए जा रहे बयान तुष्टिकरण की तुच्छ राजनीति का एक और उदाहरण है जो उसकी राजनीति का जरूरी हिस्सा है, एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि उत्तराखंड विधानसभा के गैरसैंण में आयोजित सत्र में विधेयक का कोई विरोध नहीं किया था ये कांग्रेस दो मुंही सांप वाली स्थिति है। गैरसैण विधानसभा में जब उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा कानून का नया बिल जब पास हो रहा था तब कांग्रेस विधायकों ने उक्त बिल पर खामोशी ओढ़ते हुए अन्य विषयों पर शोर शराबा किया। अब जब राज्यपाल ने उक्त बिल को मंजूरी दे दी तो अब को कांग्रेस के नेताओं का मदरसा प्रेम एक बार फिर से जाग गया है। दूसरी तरफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूर्यकांत धस्माना ने कहा है कि धामी सरकार का मदरसा बोर्ड खत्म करने का निर्णय असंवैधानिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का खुला उल्लंघन किया है। मदरसा संचालकों द्वारा सोसाइटी रजिस्टार के यहां से पंजीकरण लेकर मदरसा संचालित किया जा रहा है। इन्हें ये स्वतंत्रता है कि वो जहां से मर्जी मान्यता लें। कांग्रेस के इस बयान पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कहना है कि कांग्रेस का बस चलता तो देवभूमि उत्तराखंड में मुस्लिम यूनिवर्सिटी भी खुलवा देती और अब मदरसों के प्रति प्रेम दिखा कर वो तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी सभी बच्चों को एक समान शिक्षा का अधिकार देने पर विश्वास करती है। उधर उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ शम्मून कासमी ने कहा है कि धामी सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है मजहबी शिक्षा के बजाय मुस्लिम बच्चे यदि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम पड़ेंगे तो उनका बौद्धिक विकास होगा और वे परिवार की तरक्की और बेहतरी के लिए समाज में अपना स्थान बनाएंगे।यह प्राधिकरण अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को मुख्यधारा की शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह न केवल शिक्षा के क्षेत्र में समानता को बढ़ावा देगा, बल्कि कांग्रेस द्वारा शुरू की गई तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त करने की दिशा में भी एक ऐतिहासिक कदम है। **सीएम धामी का तर्क**- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है उनकी सरकार मजहबी शिक्षा पाठ्यक्रम को समाप्त करने के लिए ही मदरसा बोर्ड खत्म कर रही है और अब आगे उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड के जरिए दी जा रही नई शिक्षा नीति के तहत की बच्चों को पढ़ाई कराई जाएगी चाहे वो किसी भी धर्म सम्प्रदाय के क्यों न हो। धामी ने कहा कि कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को सुविधाएं नहीं बल्कि उत्पीड़न किया हमारी सरकार ये सब ठीक करने में लगी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा मदरसों के संचालक चंदा वसूली करने अपने घर भर रहे है और ऐसे ही 224 अवैध मदरसों को सरकार ने बन्द कराया, मदरसा संचालक गरीब बच्चों के वजीफों का पैसा खा रहे है और मिड डे मील की रकम तक खा रहे है जिनके खिलाफ सरकार कारवाई कर रही है।

# श्री श्री हरिचंद-गुरुचंद ठाकुर महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

शक्तिफार्म। देवनगर क्षेत्र में मतुआ समाज के तत्वावधान में दो दिवसीय श्री श्री हरिचंद-गुरुचंद ठाकुर महोत्सव का भव्य आयोजन बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। बुधवार सुबह से ही पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में रंग गया। सड़कों पर पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालुओं की भीड़ जय हरि बोलख्रहरि बोल और जय गुरुचंद ठाकुर के उद्घोष से वातावरण को गूंजायमान करती रही। पहले दिन का शुभारंभ मंगलध्वनि, शंखनाद और गंगावरण से हुआ। दोपहर 2 बजे से श्री श्री हरि लीलामृत प्रवचन का आयोजन किया गया, वहीं शाम 6 से 7 बजे तक भव्य आरती संपन्न हुई। धर्मसभा में वक्ताओं ने ठाकुर हरिचंद और गुरुचंद ठाकुर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज को समानता, शिक्षा और आत्मसम्मान का जो संदेश दिया, वही आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। भजन-कीर्तन और हरिनाम संकीर्तन से पूरा वातावरण आध्यात्मिकता में डूब गया। शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने महोत्सव की



गरिमा को और बढ़ा दिया। जय हरिचंद ठाकुर, जय गुरुचंद ठाकुर के नारों से पूरा देवनगर भक्तिमय हो उठा। दूसरे दिन सुबह निकाली गई प्रभात फेरी और मंगल यात्रा महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रही। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया, पुरुषों ने झंडे और प्रतीक लेकर नगर भ्रमण किया। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके उपरांत गोष्ठी, धुलट कार्यक्रम, हरि लीलामृत प्रवचन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।महोत्सव में विभिन्न स्थानों से आए धर्मगुरुओं और प्रचारकों ने ठाकुरों के उपदेशों पर विस्तृत प्रकाश डाला। आयोजक समिति ने सभी आगंतुकों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।समाज के वरिष्ठजनों ने युवाओं से ठाकुर हरिचंद और गुरुचंद ठाकुर की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने और समाज-सेवा के मार्ग पर चलने का आहवान किया। इस दो दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में देवनगर मतुआ समाज समिति की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। समिति के कार्यकर्ताओं ने पूरे कार्यक्रम को अनुशासित, भव्य और भावनात्मक रूप दिया।इस अवसर पर आयोजक कमेटी के अध्यक्ष रिपुसूदन मण्डल, बकेश मल्लिक, हर विलास विश्वास, शंकर गोलदार, दीपांकर मल्लिक, नारायण खान, सुखरंजन मिस्त्री, माखन मण्डल, खोखन मण्डल, विश्वदेव मण्डल, मनोरंजन सरकार, नारायण मण्डल, शांति भंडार, खोखन ढाली, अरविंद मण्डल, गौरंग सरकार, महादेव मण्डल, चंडी सरकार, सतीश मण्डल, फकीर मण्डल, अमर मिस्त्री, पवित्र गोलदार, असीम हालदार, प्रकाश राय, विधान सरकार, विकास हालदार, चितरंजन सरकार, समिरन मण्डल, बिट्टू सरकार सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।दो दिनों तक देवनगर में भक्ति, प्रेम और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला,जहां हर कोई "हरिबोल... हरिबोल...." की धुन में मग्न दिखाई दिया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
लेमिनेशन सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# हंगामे के बाद बागेश्वर जिपं में 36 करोड़ का अनुमानित बजट पास

## विपक्षी सदस्यों ने समितियों के गठन में मनमानी का आरोप लगाते हुए किया बहिष्कार

बागेश्वर( उद संवाददाता)। जिला पंचायत की सामान्य बैठक में 36 करोड़ 30 लाख का आय और 32 करोड़ 30 लाख का व्यय का बजट सर्वसम्मति से पास किया गया। साथ ही, छह समितियों का गठन किया गया। कांग्रेस ने नियोजन समिति को लेकर हंगामा किया और सदन में विरोध जताते हुए अपनी मांगों को लेकर पुरजोर विरोध किया।जिसके बाद नाराज होकर सदन से उठकर बाहर चले गए। जिला पंचायत सभागार में हुई सामान्य बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न विकास कार्यों हेतु बैठक हुई। इसमें सर्वप्रथम पिछली बैठक के कार्यवृत्त सदन में पढ़ा गया। सभी सदस्यों ने इसकी पुष्टि की। जिला पंचायत के कार्यालय भवन का मानचित्र सर्वसम्मति से बैठक में पारित किया गया।सदस्यों ने जिपं कार्यालय परिसर सहित अन्य स्थानों में जिपं की सम्पत्ति की जानकारी ली।पहले सदन में सभी सदस्यों से रायसुमारी की गई।जिसमें विकास कार्यों को क्रियान्वित करने में जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या ने सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की।वही जिपं सदस्यों से क्रमवार अपनी राय व्यक्त करने की बात कही।जिसके बाद अपर



अधिकारी अनिल जोशी ने जिपं की कार्रवाई के मिनट्स की जानकारी सदन में रखी।बैठक के दौरान सदस्यों ने विकास कार्यों में जनपद स्तरीय अधिकारियों के उचित सहयोग से जिपं अध्यक्ष से सभी विभागीयअधिकारियों के साथ सम्म्मनित सदस्यों के साथ बैठक आयोजित किए जाने, साथ ही विभागीय स्तर पर समस्याओं के निराकरण हेतु सदस्यों के साथ बेहतर सामजंस्य स्थापित किए जाने की अपील की।साथ ही विपक्षी सदस्यों ने अपने क्षेत्र के विकास में समान रूप से बजट आवंटित किए जाने सहित विभिन्न कमेटी के गठन में मनमाने तरीके से नाम चयनित किए जाने पर नाराजगी जताते हुए सदन में हंगामा शुरू कर बनाई गई कमेटी को आम सहमति से बनाए जाने की मांग की।जिसके बाद सदस्य सदन की बैठक का विरोध करते हुए सदन के बाहर आ गए।जिपं सदस्य गोपा धपोला ने इसे सदस्यों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए नियमानुसार सदन में प्रस्तावों को पारित करने की मांग उठाई।और विरोध जताते हुए अध्यक्ष के सम्मुख अपनी मांग पर जबाब मांगने लगी।जिसके बाद नाराज होकर जिपं परिसर में स्थापित संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष धरने पर बैठ गए।इस दौरान जिपं सदस्य बबलू नेगी सरिता आर्या सहित अन्य विपक्षी जिपं सदस्य काफी देर तक मौन धारण कर विरोध करने लगे।जिसके बाद ईएमई अनिल जोशी विपक्षी सदस्यों को मनाने की कोशिश में जुटे रहे।वही विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच जिपं में अनुमानित बजट को स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में जिपं उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल,जनार्दन लोहुमी, नवीन परिहार, कुंदन प्रसाद,गोपा धपोला,सहित सभी जिपं सदस्य मौजूद थे।

# प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

बागेश्वर। आरएसएस के स्वयं सेवी के रूप में संघ की विभिन्न प्रांतों में संघ सेवी के रूप में उत्कृष्टकार्य करने वाले,भाजपा सँगठन के महारथी के रूप में युवा शक्ति के पूरोधा माने जाने वाले युवा नेता एडवोकेट कुंदन परिहार के भाजपा के प्रदेश महामंत्री बनने के बाद पहली बार अपने गृह जनपद बागेश्वर पहुंचे।जिले की सीमा में पहुँचते ही भाजपा कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए जगह जगह सड़कों में नजर आए।वही बागेश्वर पहुंचते ही उनका यहां जगह जगह भव्य स्वागत किया गया।



भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट परिहार बुधवार को बागेश्वर पहुंचे। उनका सिरकोट, डंगोली, बैजनाथ समेत गागरीगोल, रवाईखाल समेत बागेश्वर में भव्य स्वागत किया गया। जगह जगह हुए स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने श्री परिहार को फूल मालाओं से लाद दिया तथा आतिशबाजी करके मिष्ठान वितरित किया। जहां एसबीआई तिराहे पर उनके स्वागत हेतु मिष्ठान वितरण कर माल्यार्पण कर कार्यककर्ताओं ने आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया और फिर नगर में अभिनन्दन रैली निकाली गई। इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, विधायक पार्वती दास, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया,जिला जिला उपाध्यक्ष मनोहर राम आर्य,महामंत्री घनश्याम जोशी व संजय परिहार, जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या , नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास व गौरव दास,जिला उपाध्यक्ष खड़क सिंह टंगणियां, गरूड़ के प्रमुख किशन बोरा,सुनील दोसाद, पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम साही, आदर्श कठायत, पूर्व महामंत्री डा राजेंद्र परिहार, भाजपा मीडिया प्रभारी प्रकाश साह, युवा नेता बलवंत टँगड़िया, मनोज ओली,महेश खेतवाल,जीवंती कांडपाल, नैना लोहुमी, ,सहित दर्जनों भाजपा नेता उपस्थित थे। वही भाजपा कार्यालय में पहुंचते ही जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया।जिसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

# मृत्यु के बाद सुशीला तिवारी रिसर्च सेंटर को देह की दान

किच्छा। किच्छा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर एक देवरिया वार्ड निवासी राम सिंह बिष्ट का निधन हो गया है,उन्होंने अपनी देह सुशीला तिवारी रिसर्च सेंटर



को दान दे दी है । स्वर्गीय राम सिंह बिष्ट की इच्छा के अनुसार उनके परिजनों ने आज उनके पार्थिव शरीर को सुशीला तिवारी के चिकित्सकों के विधि विधान से सुपुर्द कर दिया है । स्वर्गीय राम सिंह बिष्ट की मित्रों का कहना था कि राम सिंह बिष्ट शुरू से ही समाजसेवी दानी एवं परोपकारी व्यक्तित्व के पुरुष थे उन्होंने अपने अंतिम समय में परिवारजनों से सभी कर्मकांड से परे होकर उनकी देह को शोध हेतु सुशीला तिवारी चिकित्सालय के सुपुर्द किए जाने की इच्छा रखी हुई थी जिसकी पूर्ति हेतु आज उनके परिजनों ने राम सिंह बिष्ट के पार्थिव शरीर को सुशीला तिवारी से आई चिकित्सकों की टीम के सुपुर्द कर दिया। स्वर्गीय राम सिंह बेस्ट का पिछले काफी दिनों से स्वास्थ्य खराब चल रहा था तथा वह राममूर्ति चिकित्सालय में भर्ती थे जहां उन्होंने बीते रात अंतिम सांस ली।

# सरिया देने के नाम पर 50 हजार हड़पे

रूद्रपुर ( रूद्रपुर)। सस्ता सरिया देने के नाम पर एक व्यक्ति से 50 हजार रूपये हड़प लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सेवा में वार्ड न० 12 शास्त्री नगर थाना ट्राजिट कैम्प निवासी गुड्डू पुत्र टीकाराम ने कहा है कि वह शास्त्री नगर में ही अपने मकान का निर्माण कार्य करवा रहा है। 06 अप्रैल 2025 को सुबह मोहम्मद इसरार पुत्र मोहमम्द महमूद निवासी तारापुरी, लिसरी गेट गेस्ट सिटी जिला मेरठ उसके निर्माणाधीन स्थल पर आया और बोला कि सरिया सस्ता दे दूंगा इस पर 5000 रूपये कुन्टल के हिसाव से रेट तय करके 15 कुन्टल सरिया निर्माण स्थल पर घोड़ा बुग्गी से डलवा दिया तथा 50हजार रूपये बैंक से निकाल कर मोहम्मद इसरार को नकद दे दिये। शेष रूपये 25हजार रूपये चार दिन बाद देना तय हुआ। यह भी तय हुआ कि मोहम्मद इसरार उसको सरिया का बिल देगा। तभी लगभग 1:30 बजे मोहम्मद इसरार व घोड़ा बुग्गी गाडी वाला जयवीर व तीन पानी डाम बालाजी सीमेंट स्टोर का मालिक मुकेश मौर्या उसके घर पर आये उन्होने कहा यह माल गलती से तुम्हारे पास आ गया है हम तुम्हे इस माल के पैसे वापस करेंगे कहकर धोखाधडी से डाला हुआ 15 कुंन्टल सरिया उसी राजवीर की घोडा दुग्गी में लादकर लेकर चले गये। उसके बाद न ही सरिया दिया और न ही 50हजार रूपये वापस किये। आरोप है उक्त मोहम्मद इसराद, जयवीर व मुकेश मौर्या ने उसके साथ धोखाधडी कर उसके 50 हजार रूपये का गबन कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रम्पुरा में दलित समाज के युवा से मारपीट निंदनीय : मीना



रुद्रपुर। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, और पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा रम्पुरा के एक दलित समाज के युवा मोहित कोली के साथ की गई अभद्रता और मारपीट की कड़े शब्दों में निंदा की है। श्रीमती शर्मा ने प्रेस को जारी अपने एक बयान में कहा है कि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल अपनी इन हरकतों से हमेशा सुर्खियों में रहे हैं,और इसका खामियाजा भी उन्होंने भुगता है,उन्होंने हमेशा गरीबों, दलितों और विशेष कर महिलाओं का लगातार अपमान किया है,और यह किसी भी दशा में क्षमा योग्य नहीं है, श्रीमती शर्मा ने कहा कि रम्पुरा की यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, और वह पुलिस प्रशासन से मांग करती हैं कि इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# हड्डी तोड़ने पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नानकमत्ता। थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर महिला के पति पर जानलेवा हमला करने के मामले में गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट खटीमा में दिए प्रार्थना पत्र में मनजीत कौर पत्नी मंगत सिंह निवासी ग्राम धूमखेड़ा थाना नानकमत्ता ने आरोप लगाया था कि 1 सितंबर को रात्रि 9:00 बजे उसकी तबीयत खराब होने के कारण उसके जीजा और बहन देखने के लिए आए हुए थे इसी दौरान उसके ससुरऔर पति के बीच में किसी बात को लेकर नोंकझोंक हो गई तभी पड़ोस के परमजीत सिंह पुत्र सती सिंह हाथ में लोहे की सरिया लिए हुए अपनी पत्नी सिमरन कौर परमजीत सिंह पुत्र दिलीप सिंह, रानो कौर और पत्नी परमजीत सिंह व बलदेव सिंह के साथ लाठी डंडों से हमारे घर पर आ गए और मेरे पति पर हमला कर गंदी-गंदी गालियां देने लगे। महिला ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि उक्त लोगों के हमले में उसके पति मंगत सिंह के हाथ की हड्डी टूट गई थी। थाना पुलिस व उच्च अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी जब उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब दस दिन पूर्व संजयवन के पास दो कारों के मध्य हुई भिड़ंत के मामले में आरापी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में महबूब अली पुत्र अहमद जान निवासी ग्राम लखनऊ थाना गदरपुर ने कहा है कि 29 सितम्बर को रात्रि मे वहैं अपनी कार सख्या यूके04एएन1942 को लेकर अपनी साईड से आवश्यक कार्य से जनपद उधम सिंह नगर जा रहा था। जब सजयं वन से आगे रूद्रपुर की तरफ पहुंचा तो सामने से आ रही कार सख्या यूपी 14 डीएस2891 जिसका चालक शराब पीकर अपनी कार को बड़ी तेजी व लापरवाही से चलाता हुआ लाया और उसने गलत दिशा में आकर उसकी कार में टक्कर मार दी जिससे वह बाल बाल बच गया तथा उसे गुम चोट आयी तथा उसकी कार पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गयी। कार के चालक को लोगो की मदद से मौके पर पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अल्मोड़ा। द्वाराहाट में एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने दस साल के बच्चें को जोरदार टक्टर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक सवार के खिलाफ मुकदजा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कैलाश सिंह अधिकारी, निवासी द्वाराहाट ने थाने में तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि उनका दस साल का बेटा रितिक घर का सामान लेने बाजार गया था। लौटते समय सदर बाजार दूनागिरी रोड पर तेज रफ्तार बाइक ने बच्चे को टक्कर मार दी। घटना के बेटा बुरी तरह से घायल हो गया। आरोप लगाया कि आरोपी बच्चे को अस्पताल पहुंचाने की जगह वहां से फरार हो गया। पिता ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर, पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**मासूमों की मौत...**आयोग या विशेषज्ञ समिति के गठन का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा, याचिका में कहा गया है कि जहरीली कफ सिरप से बच्चों की मौत से जुड़े सभी एफआईआर और जांचों को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए, ताकि पूरे देश में जांच एक समान और निष्पक्ष रूप से की जा सके। याचिकाकर्ता ने कहा है कि अलग-अलग राज्यों में जांच होने से जवाबदेही बिखर जाती है, जिससे बार-बार ऐसी घटनाएं होती रहती हैं और खतरनाक दवाएं बाजार में पहुंच जाती हैं। इसलिए एक केंद्रीकृत जांच की जरूरत है जो पूरे सिस्टम में सुधार सुनिश्चित करे। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वह यह पता लगाए कि दवा सुरक्षा और गुणवत्ता जांच प्रणाली में कौन सी चूक हुई, जिनकी वजह से निम्न गुणवत्ता वाली दवाएं बाजार में पहुंचीं। इसमें अदालत से यह भी आग्रह किया गया है कि आगे किसी भी बिक्री या निर्यात की अनुमति देने से पहले सभी संदिग्ध उत्पादों का एनएबीएल-मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के माध्यम से विष विज्ञान परीक्षण अनिवार्य किया जाए।

**दिल्ली में सीएम धामी...**मुख्यमंत्री से मिलने वालों में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष आर्यन मान, महासचिव कुणाल चौधरी तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के सह सचिव वैभव मीणा शामिल रहे। मुख्यमंत्री धामी ने युवाओं को देश की शक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि छात्र राजनीति लोकतंत्र की नर्सरी है, जहां से भविष्य के नेतृत्व का निर्माण होता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि शिक्षा, राष्ट्रनिर्माण और समाज सेवा के क्षेत्र में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री दिल्ली श्री रामकुमार गुप्ता, अखिल भारतीय छात्रा प्रमुख श्रीमती मनु कटारिया और प्रदेश मंत्री श्री सार्थक शर्मा भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान छात्र नेताओं ने मुख्यमंत्री से शिक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाने तथा युवाओं को रोजगार और कौशल विकास से जोड़ने पर चर्चा की। मुख्यमंत्री धामी ने उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि युवा वर्ग देश के भविष्य की दिशा तय करता है और उनका जोश, समर्पण तथा ऊर्जा राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है।

**मस्जिद से उतरवाया...**जाकर मस्जिद में मौजूद मौलाना से उक्त आई लव मोहम्मद का पोस्टर उतरवा दिया, इसके बाद हिंदू वादी कार्यकर्ता शांत हुए। इस मौके पर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीपक बिष्ट ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोगों द्वारा रोशन मस्जिद में आई लव मोहम्मद का पोस्टर लगाया गया है, जिसे तत्काल पुलिसकर्मियों ने मौके पर जाकर उतरवा दिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था को किसी भी हालत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

**करवाचौथ पर्व पर ...**आने लगी है। आज और कल दो दिनों में ब्यूटी पार्लर के प्रतिष्ठानों में सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ेगी। विशेषकर मनिहारी गली, विधवानी मार्केट, मुख्य बाजार, काशीपुर बाईपास रोड़, ट्रांजिट कैम्प के बाजार, आवास विकास, सिंह कालोनी, आदर्श कालोनी सहित तमाम आवासीय कालोनियों में स्थित मिठाई व श्रृंगार सामग्री बेचने वाली दुकानों, ब्यूटी पार्लर, कपड़ों के शो रूमों, ज्वैलरी शॉप आदि दुकानों में महिलाओं ने खरीददारी करनी शुरू कर दी है। इस वर्ष स्वर्ण आभूषणों की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए महिलाओं का रूझान आर्टिफीशियल ज्वैलरी खरीदने की ओर ज्यादा दिखाई दे रहा है। मुख्य बाजार व मौहल्लों में हाथों में मेंहदी लगाने वाले कलाकारों ने अपने स्टॉल सजा लिए हैं। कल प्रात: सुहागिन महिलायें अपने पति की दीर्घायु लिए व्रत रखेंगी और सायं करवा चौथ की पूजा अर्चना कर रात्रि में चन्द्रमा के उदय होने पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर पति के साथ ही सास ससुर से आर्शीवाद लेंगीं और पति के हाथों जल ग्रहण कर अपने व्रत को समाप्त करेंगी।

**विद्युत कटौती से ...**आरोप लगाया कि थोड़ी सी हवा चलने पर व थोड़ी सी बरसात होने पर भी घंटे विद्युत कटौती हो जाने से भी लोगो को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान ना हुआ तो कांग्रेस पार्टी विभाग के खिलाफ आंदोलन प्रदर्शन तेज करेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा व संजय जुनेजा की अगुवाई में कांग्रेस के पदाधिकारियों व पार्षदो ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में जा धमके कांग्रेस जनों ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिनों से सम्पूर्ण रुद्रपुर नगर मे लगातार घंटे विद्युत कटौती हो रही है। जिससे आम जनमानस में बुरा प्रभाव पड़ रहा है साथ ही त्योहारी सीजन को देखते हुए व्यापारियों को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने कहा विद्युत कटौती से घरों में बीमार बुजुर्गों, बच्चो को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, महिलाओं को दैनिक कार्यों के लिए भी जूझना पड़ रहा है। यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान ना हुआ तो कांग्रेसजन बेमियादी धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर देंगे। इस दौरान परिमल राय, सौरभ बेहड़, गौरव खुराना, इंद्रजीत सिंह, मोनिका ढाली, सुमित राय, जितेश शर्मा, रिजवान, उमा सरकार, बेबी सिकदार, मधु सिकदार व परवेश कुरैशी आदि मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# निगम को पुरस्कार दिलाने में पर्यावरण मित्रों का अहम योगदानः विकास

## महापौर ने सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम सभागार में बुधवार को देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ की नगर इकाई की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। समारोह में महापौर विकास शर्मा ने अध्यक्ष सोनू मुल्तानी, महामंत्री अंकित कुमार सहित सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इसके उपरांत संघ कार्यालय में महापौर ने सोनू मुल्तानी को पगड़ी पहनाकर कार्यभार ग्रहण कराया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरदीप चौधरी, जिलाध्यक्ष विनोद कुमार, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी और नागरिक उपस्थित रहे।महापौर विकास शर्मा ने इस अवसर पर कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्यावरण मित्र नगर निगम का अभिन्न अंग हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण में रूद्रपुर नगर निगम को जो तीन महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, उसमें इनका योगदान सराहनीय रहा है। नगर निगम की प्रगति और शहर की स्वच्छता में इनके सहयोग को भुलाया नहीं जा सकता। महापौर ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर होना इस दिन को और भी स्मरणीय बना गया। उन्होंने भगवान वाल्मीकि को समाज का पथ प्रदर्शक बताते हुए कहा कि जैसे उन्होंने बुराई को त्यागकर समाज के लिए एक उच्च आदर्श प्रस्तुत किया, वैसे ही आज के समाज को भी बुराई से दूर होकर अच्छाई के मार्ग पर चलना चाहिए।महापौर ने कहा कि जब से उन्होंने नगर निगम में कार्यभार संभाला है, तब से वह निगम से जुड़े सभी लोगों को एक परिवार की तरह मानते हुए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम में सभी त्यौहार सामूहिक रूप से मिलजुल कर मनाने की परंपरा शुरू की गई है, जो आपसी सद्भाव और सामाजिक एकता को दर्शाता है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि "शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। तभी हम स्मार्ट सिटी के लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। उन्होंने पर्यावरण मित्रों द्वारा उठाई गई मांगों के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया।संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह ने नगर निगम प्रशासन और महापौर को धन्यवाद देते हुए कहा कि महापौर ने सफाई कर्मचारियों को जो सम्मान दिया है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। हमें विश्वास है कि आगे भी कर्मचारी हितों की रक्षा और नगर की स्वच्छता के लिए मिलकर कार्य किया जाएगा। नगर इकाई अध्यक्ष सोनू मुल्तानी ने भी अपनी नई जिम्मेदारी के प्रति समर्पण भाव जताते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी केवल शहर को स्वच्छ रखने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज के लिए एक जरूरी सेवा का निर्वहन कर रहे हैं। हम अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाएंगे।इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक शाखा प्रबंधक हिमानी आर्या की ओर से सभी सफाई कर्मचारियों को आगामी सर्दी के सीजन को ध्यान में रखते हुए जैकेट वितरित की गईं।





## महापौर ने किया वाल्मीकि समाज के साथ सहभोज

रूद्रपुर। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात नगर निगम परिसर में महापौर विकास शर्मा की ओर से भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महापौर ने भगवान वाल्मीकि को भोग लगाने के बाद भंडारे का शुभारंभ किया और स्वयं वाल्मीकि समाज के साथ पंक्ति में बैठकर सहभोज किया। महापौर ने कहा कि नगर निगम केवल प्रशासनिक संस्था नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवार है। इस तरह के आयोजन सामाजिक समरसता और सौहार्द की मिसाल हैं। भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज को एकजुट करने का प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर पार्षद राजेश जग्गा, अशोक चौधरी, लक्ष्मण चौहान, रणजीत चरण, मुकेश राजौरिया, सुनील रोहतगी, राजपाल चौधरी, राजू, संजय कुमार, विजा लाल, रघुवीर, संदीप आजाद, मनोज कुमार, नरेश, सुरेन्द्र, श्यामा चरण, अनिल, गोविंदा, विक्की, रामप्रकाश, बबलू, राकेश, सूरज आजाद सहित तमाम गणमान्य लोग, पर्यावरण मित्र एवं नगरवासी मौजूद रहे।




## जर्जर सड़कों की मरम्मत को लेकर चुघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक एवं काशीपुर जिला सहप्रभारी भारत भूषण चुघ ने बुधवार की सांय जिलाधिकारी नितिन भदौरिया से मुलाकात कर शहर की जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शहरवासियों को हो रही परेशानियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की।चुघ ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि भूरारानी रोड से शांति विहार रेलवे पटरी के साथ-साथ रिंग रोड होते हुए छतरपुर तक का मार्ग पूरी तरह से टूट-फूट चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे लोगों का आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है।उन्होंने कहा कि इस मार्ग से रोजाना हजारों नागरिक, स्कूल बसें और व्यावसायिक वाहन गुजरते हैं। गड्ढों के कारण कई बार स्कूल बसों के फंसने और पलटने की घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है।इसी प्रकार काशीपुर रोड से बिंदुखेड़ा तक का मार्ग भी लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। चुघ ने बताया कि इस क्षेत्र में कई नई कॉलोनियां बस चुकी हैं और यह सड़क ग्रामीण इलाकों को शहर से जोड़ने वाली मुख्य कड़ी है। सड़क पर दो से तीन फीट तक गहरे खड्डे बन गए हैं, जिनके कारण न केवल बच्चों की स्कूल बसें बल्कि किसानों और आम नागरिकों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग रुद्रपुर शहर को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ता है, लेकिन वर्तमान में इसकी हालत जिले की सबसे खराब सड़कों में से एक बन चुकी है।चुघ ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि दोनों मार्गों की तत्काल मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं, और इनकी दुर्दशा प्रत्यक्ष रूप से जनजीवन को प्रभावित कर रही है।जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीक्षण अभियंता अनिल पांगती को दोनों सड़कों का तत्काल निरीक्षण करने और शीघ्र मरम्मत कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा से जुड़ी समस्याओं के समाधान में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की इस तत्परता से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि लंबे समय से उपेक्षित पड़ी इन सड़कों की हालत अब जल्द ही सुधरेगी। लोगों ने भारत भूषण चुघ के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना एक सराहनीय कार्य है, जिससे जनहित में ठोस कदम उठाए जा सकेंगे।



